# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण) भदोही–221304

E-Mail Id-eeupjnsrn@gmail.com CUG Mobile No.- +91 9473942678


पत्रांक 3315 / कार्य -65 / 23 दिनांक– 27-06-2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण,
6 राणा प्रताप मार्ग,
लखनऊ।

विषय :– **ई–पेपर अमर उजाला में दिनांक 26 जून 2026 में प्रकाशित ''पानी बचाने की योजनाएं, पानी बहाने की व्यवस्थाएं' के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक ई–पेपर अमर उजाला में दिनांक 26 जून 2026 में प्रकाशित ''पानी बचाने की योजनाएं, पानी बहाने की व्यवस्थाएं' नकारात्मक पेपर कटिंग में दर्शाया गया है।

उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन योजना अन्तर्गत जनपद में प्रत्येक ग्रामवासी को शुद्व जलापूर्ति कराये जाने हेतु केन्द्र सरकार ने अगस्त 2019 में जल जीवन मिशन योजना की शुरूआत की थी, जिसके अन्तर्गत जनपद में फेज।। एवं ।।। के अन्तर्गत चयनित एजेन्सी के माध्यम से 399 परियोजनाओं पर काम शुरू हुआ है। वर्तमान तक 160 परियोजनाओं में शिरोपरि जलाशय के माध्यम से एवं 50 परियोजनाओं में सीधे नलकूप के माध्यम से जलापूर्ति करायी जा रही है, अवशेष 189 नग परियोजनाओं में शिरोपरि जलाशयों में कार्य निर्माणाधीन है। जलापूर्ति की जा रही परियोजनाओं में प्रत्येक कनेक्शन में टोटिया लगायी गयी थी। कुछ टोटियों को अराजकतत्वों द्वारा टोटियों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है, जिसके कारण जलापूर्ति के समय अनावश्यक रूप से पानी बर्बाद होता रहता है, जिसके रोकथाम के लिये शोसल मिडिया एवं क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान आमजनमानस को पेयजल बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया जाता है।

अतः आपसे सादर अनुरोध है कि उक्त प्रकरण को निक्षेपित करने का कष्ट करें।

भवदीय

(राजबली)
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0स0 व दिनांक यथोक्त।**

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. मुख्य अभियन्ता (वारा0क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) वाराणसी।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उप्र0 जल निगम (ग्रामीण) मीरजापुर।

**अधिशासी अभियन्ता**